Important Notice/Student Notice

UG final year examination will be continuing from 19.08.2020, date sheet already issued by the H.P.U.

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, ज्ञानपथ, समरहिल, शिमला-5
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा प्रत्यायित "ए" ग्रेड विश्वविद्यालय

प्रैस विज्ञप्ति

दिनांकः 18.08.2020

कोर्ट के आदेश के बाद स्नातक स्तर के

अंतिम सत्र की परीक्षा कल से शुरू होंगी- कुलपति

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सिकन्दर कुमार ने कहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा रूसा के अन्तर्गत अंतिम सत्र की बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम की परीक्षाएं जो 17.08.2020 से आरम्भ हुई थी, को केवल एक दिन दिनांक 18 अगस्त, 2020 के लिए माननीय उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा दिए गए दिनांक 14.08.2020 के आदेशानुसार स्थगित किया गया था।

आज दिनांक 18.08.2020 को विश्वविद्यालय द्वारा इस विषय में माननीय उच्च न्यायालय में एक विशेष याचिका दायर की गई थी तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आदेश जारी किया गया है कि विश्वविद्यालय यह परीक्षाएं जारी रख सकता है। अतः विश्वविद्यालय द्वारा पहले निर्धारित की गई डेटशीट के आधार पर ही दिनांक 19.08.2020 से आगे की परीक्षाएं यथावत जारी रहेंगी।

कुलपति ने आगे कहा है कि दिनांक 18.08.2020 को स्थगित की गई सभी परीक्षाएं अंत में आयोजित की जाएंगी जिसके लिए डेटशीट विश्वविद्यालय के पोर्टल के साथ साथ विभिन्न समाचार माध्यमों के द्वारा भी छात्रों और उनके अभिभावकों को उपलब्ध करवाई जाएगी।

18/8/20

जन सम्पर्क अधिकारी